पत्र संख्या-आई0टी0-NIC साफ्टवेयर-(2014-15) 708/1415096 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश

(आई0टी0-अनुभाग)

दिनॉक // लखनऊ // नवम्बर, 28, 2014

**समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1 / ग्रेड-2**
**समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर / डिप्टी कमिश्नर /**
**असिस्टेन्ट कमिश्नर / वाणिज्य कर अधिकारी,**
**वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।**

---

विभाग द्वारा व्यापारियों को सुविधा प्रदान करने से सम्बन्धित प्रक्रियाओं तथा व्यापारियों द्वारा दाखिल विवरणों के प्रभावी अनुश्रवण के लिये Online Application का संचालन Internet तथा Intranet पर किया जा रहा है। वर्तमान में VYAS Central Application से सम्बन्धित कार्य तथा MIS Reports के लिये अधिकारियों को विभिन्न यूजर आई0डी0 तथा पासवर्ड का प्रयोग करना पड़ता है जिससे होने वाली कठिनाइयों को मासिक समीक्षा बैठक तथा अन्य बैठकों में विभागीय अधिकारियों द्वारा सूचित किया गया है। अत: प्रथम चरण में विभिन्न विभागीय साफ्टवेयर में कार्य करने तथा MIS on VYAS की Reports के उपयोग हेतु एकल यूजर आई0डी0 की व्यवस्था लागू की जा रही है जिसके लिये सभी अधिकारियों का User ID स्थापना अनुभाग द्वारा प्रदत्त छ: अंकों का Employee ID होगा। वर्तमान में जिस User ID का प्रयोग अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है उसको नई व्यवस्था के अनुसार परिवर्तित करने की प्रक्रिया निम्नवत होगी :-

2- सर्वप्रथम अधिकारी द्वारा VYAS Central Software पर अपनी पुरानी User ID तथा पासवर्ड से login किया जायेगा। Login करने के पश्चात एक **UPDATE PROFILE Page** उपलब्ध होगा जिसमें Location, Office Name, Name of User, Permission तथा Address of User का विवरण Default के रुप में स्वत: अंकित हो जायेगा। अधिकारी द्वारा Employee ID की फील्ड में स्थापना अनुभाग द्वारा आवंटित अपनी छ: अंकों की Employee ID अंकित की जायेगी जिसके उपरान्त Employee Information System में सम्बन्धित Employee ID के सम्बन्ध में अंकित मोबाइल नम्बर तथा जन्मतिथि Default के रुप में स्वत: अंकित हो जायेगी। अधिकारी द्वारा अपना क्रियाशील ई-मेल आई0डी0 भी अंकित किया जायेगा। यदि किसी अधिकारी का Employee Information System में सम्बन्धित विवरण नही है अथवा अपडेट नही है तो सर्वप्रथम Employee Information System में वांछित विवरण अपडेट कराना होगा। उक्त विवरण के नीचे निम्नलिखित **दो विकल्प** उपलब्ध होगें :-

| | |
|---|---|
| **Remind Me Later** | **Go for change of employee ID and password** |

3- उपरोक्त प्रस्तर-1 में अंकित विवरण पूर्ण होने के उपरान्त Go for change of employee ID and password विकल्प पर Click करने पर OTP (One Time Password) का SMS उपर्युक्त विवरण में दर्ज हुये मोबाइल नम्बर तथा ई-मेल पर प्राप्त होगा। तत्पश्चात् अधिकारी को अपना Current Password, Mobile पर प्राप्त OTP, New Password तथा Confirm Password की Field में विवरण अंकित करना होगा। नया पासवर्ड बनाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश UPDATE PROFILE Page पर नीचे अंकित हैं। इस प्रक्रिया का सफलतापूर्वक पालन करने पर अधिकारी के Mobile पर निम्नानुसार SMS प्राप्त होगा :-

**" Your User for Vyas Central has been changed. User Id: XXXXXX**
**Login with User Id which is your Employee Code and new password "**

4- अधिकारी द्वारा उपरोक्तानुसार बनाये गये नये पासवर्ड को भी पूर्व की भाँति VYAS Central Software में उपलब्ध Change Password के विकल्प का प्रयोग करके आगे परिवर्तित किया जा सकेगा।

5- यदि अधिकारी तत्काल उक्त नवीन व्यवस्था में अपना User ID बनाये बिना VYAS Central Software में कार्य करना चाहता है तो उसे **Remind Me Later** विकल्प पर Click करना होगा जिसके पश्चात निम्नलिखित संदेश प्रदर्शित होगा :-

**" Please change your login credentials on Employee ID based system till 08/12/2014 "**

उपरोक्त संदेश से स्पष्ट है कि अधिकारी को नवीन व्यवस्था में अपना Employee ID based Login प्रत्येक दशा में **दिनॉक 08-12-2014** तक बनाना अनिवार्य होगा । उक्त तिथि के पश्चात पुराने Login से Vyas Central Software में कार्य करना सम्भव नही होगा ।

6- मुख्यालय, प्रशिक्षण संस्थान, उच्च न्यायालय कार्य आदि विभागीय कार्यालयों जहॉ VYAS Central Software में कार्य नही होता है वहॉ तैनात अधिकारी MIS on VYAS के Dropdown में Login with Emp. Code से पूर्व की भॉति Login कर सकते हैं ।

अत: अधिकारियों की सुविधा हेतु यह व्यवस्था दिनांक 10-12-2014 से अनिवार्य रुप से प्रभावी होगी । उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय ।

यह निर्देश कमिश्नर, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश के अनुमोदनोरान्त निर्गत किये जा रहे है ।

**(बी0 राम शास्त्री)**
एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश ।